हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

11 बच्चे बने चाचा नेहरू, छग महतारी, डाक्टर व शिक्षक



12 गिर्रा सोसायटी में सभापति ने की धान खरीदी का शुभारंभ





# गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर कालेज ने शासकीय महाविद्यालय सराईपाली को हराकर बनी विजेता

## महासंमुद-बलौदाबाजार सेक्टर के 9 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 14 नवंबर को सेक्टर स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ सेक्टर स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता में महासंमुद-बलौदाबाजार सेक्टर के 9 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेल खेलने की प्रेरणा एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रभारी जितेन्द्र यादव, क्रीड़ा सहायक शुभम यदु सहयोगी सुब्बुदास मानिकपुरी एवं आयोजन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सकुशल आयोजित कराने में मैच रेफरी फिरोज टंडन, सदाराम ध्रुव, चंद्रप्रकाश, निर्मल जांगड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा एवं शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के मध्य हुआ। जिसमें शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा विजयी रहा। द्वितीय सेमीफाइनल शासकीय महाविद्यालय सराईपाली एवं शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के मध्य हुआ। जिसमें शासकीय महाविद्यालय सराईपाली विजयी हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा एवं शासकीय महाविद्यालय सराईपाली के मध्य हुआ। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. शशि किरण कुजूर, अशोक वर्मा, गुप्तेश्वर साहू, मनीष कु. सरवैया, डॉ. विकास गुलहरे, डॉ. प्रीति सोनी, श्रीमती रेखा कश्यप, ऋतम्भरा चैहान, रोहन अग्रवाल, राजन तिवारी, डॉ. सुमित पंत, डॉ. दीपिका त्रिपाठी, सुश्री इंद्राणी मरकाम, खिलौना कन्नौजे, पूजा गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. दीपेश मिश्र, ईश्वर अनंत, हरिहर खाण्डे, विनय देवांगन, सत्यम डोण्डे, डॉ. योगमाया उपाध्याय, सुषमा तिवारी, राजू बरेठ, पूर्णिमा चंदेल, हुमुक विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अनवारी रीपोर्ट तैयार करने खेत पहुंचे कर्मचारी

**गोपालपुर।** सरकार के आदेश के परिपालन मे 14 नवंबर को कर्मचारी गोपालपुर पहुंचे और वहां के ग्रामीण किसानों को साथ में लेकर अनवारी रीपोर्ट तैयार करने के लिए खेत पहुंचे। जिसमें राकेश पटेल पटवारी, बीमा विभाग के कर्मचारी एवं किसान टेकलाल साहू, नारायण प्रसाद साहू, भागवत साहू,सेवक साहू के साथ थे। अनवारी रीपोर्ट तैयार किया जिसमें चिंतित खेत में 10 फसल एवं असिंचित खेत में 7 धान फसल का अनुमान लगा कर शासन को परिपत्र भेजा।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बिजराभांठा जाने के कच्चे रास्ते में एक बाइक चालक से महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में ग्राम सावित्रीपुर की ओर से ग्राम सांकरा की ओर अवैध शराब परिवहन कर रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर ग्राम बिजराभांठा जाने का कच्चे रास्ते में आरोपी अनिल बंजारे पिता स्व. प्रभाराम बंजारे (24 साल) निवासी पितईपलिहा डीपा सावित्रीपुर के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### स्कूल जा रहे बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** सायकल से स्कूल जा रहे 9 साल के बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला ग्राम कलेंडा का है। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लक्ष्मण पटेल पिता गंगाधर पटेल का भतीजा रितिक पटेल पिता स्व. मुनिराज पटेल (9 साल) 14 नवंबर की सुबह 8:30 बजे अपनी सायकल से पढ़ाई करने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम कलेंडा जा रहा था। राम कलेंडा के दशरथ सेठ घर के सामने आइशर ट्रैक्टर सीजी 04 डीएम 3161 के चालक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से रितिक पटेल के पैर, सीने, नाक, बांये पैर के जांघ में गंभीर चोट लगी। जिसे चिवराकुटा के अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान रितिक पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जयंती : पीएम मोदी ने जमुई से 6,600 करोड़ के विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

# बिरसा मुण्डा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपने जीवन को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर सर्व समाज डॉ. भीमराव अंबेडेकर मांगलिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार राज्य के जमुई से वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बिरसा आज भी हमारे समाज में एक आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। साथ ही इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 6,640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रें में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का आजादी के प्रति अमूल्य योगदान रहा है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

### सांसद बृजमोहन ने विभिन्न स्टॉलों का किया अवलोकन





**ये रहे उपस्थित:** जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा एवं शहीद वीर नारायण सिंह के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ पूर्व विधायक सनम जांगड़े, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चितावर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बिरसा मुंडा ने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया : संसाद

कार्यक्रम को संबोधित मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम यहां जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में एकत्रित हुए हैं, जो हमारे आदिवासी समाज की महान परंपराओं, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा, हमारे गौरवशाली इतिहास के उस नायक का नाम है। जिन्होंने न केवल अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। बल्कि पूरे देश को स्वतंत्रता के संघर्ष में एक नई दिशा दी। उनके संघर्ष, उनकी वीरता और उनकी अटूट संकल्पशक्ति ने हमें यह सिखाया कि यदि हमारा संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया और आदिवासी समाज के लिए एक नई जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने जनजाति विकास पर किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हुए सम्मानित

इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एवं समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आदिवासी नागरिकों प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागवार विभागीय गतिविधियों के लिए लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। जिसमें आदिवासी विकास,वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, समाज कल्याण, रोजगार कार्यालय हम होंगे कामयाब, स्वास्थ्य विभाग एवं नगरीय निकाय विभाग शामिल थे।

### 20 हितग्राहियों को आवास की दी चाबी

साथ ही विभागीय स्टॉल से बल्दाकछार एवं अवराई के विशेष पिछड़ी जनजाति के 20 हितग्राहियों को पीएम जनमन के तहत आवास की चाबी, 2 किसानों को स्पेयर, 5 को मसूर बीज का वितरण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए खुद का बल्ड प्रेशर का जांच कराया। साथ ही एकलव्य आदिवासी स्कूलों बच्चों द्वारा आकर्षक आदिवासी नृत्य एवं अन्य समिति द्वारा आकर्षक गौरा-गौरी पूजन का दृश्य का प्रस्तुति किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## सर्वर डाउन होने पर किसानों को धान बेचने में हुई दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला केंद्र में धान खरीदी के प्रथम दिवस नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण किसानों का आधार सत्यापन तथा धान की एंट्री नहीं हो पाने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। डाटा ऑपरेटरों के अनुसार कहीं 2 बजे कहीं 3 बजे और कहीं 6 बजे नेटवर्क आने के बाद सत्यापन हो पाया। इस दौरान किसान दिन भर खरीदी केंद्र में ही बैठे रहे क्योंकि जब तक सत्यापन नहीं हो पाता, बेचे गए धान की एंट्री नहीं हो पाती और किसानों का भुगतान नहीं हो पाता।

पर्यवेक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि नोडल द्वारा सुहेला, हिरमी और फुलवारी खरीदी केंद्र को निरीक्षण एवं भ्रमण के लिए चिन्ना अंकित किया गया है। इस दौरान सरपंच सविता वर्मा ने साय सरकार की प्रशंसा करते हुए कहां की उन्होंने अपना वादा निभाया जो 3100 रूपये प्रति क्विंटल में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। सुरेंद्र भारद्वाज ,वीरेंद्र साहू आदि किसानों ने फड़ का कांक्रीटीकरण, किसान कुटीर, धान के लिए शेड, वाटर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 24 किसानों ने बेचा धान

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला प्रबंधक शिव दास मानिकपुरी ने बताया की 25 किसानों का ऑनलाइन टोकन कटा था जिसमें से 24 किसानों का धान खरीदा गया। 1 किसान को धन में नमी कारण वापस कराया गया है। 24 किसानों से 2324 बोरी धान खरीदी किया गया। धान खरीदी का पहला दिन था बायो मेट्रिक्स से भी धान खरीदी हो रहा है। किसानों का शुरुआत में दोपहर 11 बजे के आस पास सर्वर समस्या थी 2 से 3 बजे ठीक हो गया था।

## कीर्तन मंडली ने राम की महिमा का गुणगान किया



**भवानीपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर लोगों ने महानदी में लगाई आस्था की डुबकी लगाई तथा जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भवानीपुर सहित अंचल मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर ग्रामीण सुबह चार बजे से ही भगवान श्री रामचंद्र महिमा की गुणगान करते हुए भक्ति और संगीत के ▶▶ शेष पेज 11 पर

## मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले 37 मालिकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिले में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह मुख्य बात सामने है कि अधिकांश मौकों पर सड़क दुर्घटना का कारण मवेशियों के सड़क मार्ग में बैठे रहना है। शाम एवं रात के समय सड़क पर बैठे हुए मवेशी वाहन चालकों को स्पष्ट नजर नहीं आते, जिससे टकरा जाने के कारण अथवा उन्हें बचाने के चक्कर में वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। साथ ही सड़क पर बैठे हुए मवेशियों के अचानक इधर-उधर भागने से, वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। अधिकांश मवेशी मलिक अपने मवेशियों पर ध्यान नहीं देते, जिससे मवेशी इधर-उधर विचरण करते रहते हैं ▶▶ शेष पेज 11 पर



## नगर पालिका द्वारा लगाए शिविर में सर्वेक्षण कार्य का हुआ शुभारंभ

हरिभमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के हितग्राही सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री के द्वारा जिला मुख्यालय मुंगेली में किया जा रहा है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक ही स्थान से किये जा रहे कार्य का शुभारंभ सर्वेक्षण कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में स्थानीय सर्वसमाज मांगलिक भवन में आयोजित आदिवासी समाज शौर्य दिवस के अवसर पर उपस्थित रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में नगर पालिका द्वारा लगाए शिविर में सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के संबंध में नगर पालिका द्वारा लगाये गए सर्वेक्षण शिविर की जानकारी देते हुए हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित किए जाने एवं आवास योजना में ऑनलाईन आवेदन किये जाने की ▶▶ शेष पेज 11 पर

## हिन्दू व मुस्लिम परिवार ने पूजा कर दिया एकता का संदेश

# पूर्णिमा पर आंवला वृक्ष की पूजा कर समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



विकासखंड के वन परिक्षेत्र कोठारी में हिन्दू मुस्लिम भाई भाई के नारा को चरितार्थ करते हुए कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक साथ आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई । ज्ञात हो कि शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर जगह- जगह आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र कोठारी कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने भी अपने परिवार सहित आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर खीर पूड़ी का भोग लगाकर खुशियां मनाई गई।

उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र कार्यालय कोठारी में पदस्थ मोहम्मद आबिद खान अपने परिवार सहित कोठारी में रहते हैं जहां वन विभाग में पदस्थ अन्य अधिकारी कर्मचारी भी रहते हैं।

मोहम्मद आबिद खान ने बताया कि पिछले 14 वर्ष से अपने परिवार के साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भाग लेते हैं और प्रति वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को विभाग के सभी अधिकारी -कर्मचारी एक साथ उपस्थित होकर आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुख -समृद्धि की कामना करते हैं। इस वर्ष इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू, संजय साहू, रामसू लाल नेताम एवं आबिद खान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए केंद्र ने मंजूर किए 230 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 230 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत इस राशि से सभी नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना और तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाएगा। इससे राज्य में अपशिष्ट प्रबंधन और ज्यादा पुख्ता तथा टिकाऊ होगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के इस सहयोग के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, इस राशि से शहरों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को नया आयाम मिलेगा। यह राज्य के प्रत्येक नगरीय निकाय को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत इस राशि से प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन के इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को बेहतर और स्थाई बनाया जाएगा। इससे राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक तकनीकी, भौतिक और मानव संसाधन जुटाए जाएंगे, जिससे न केवल स्वच्छता की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों को भी बेहतर पर्यावरणीय सुविधाएं मिलेंगी।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अधोसंरचना को मजबूत किया जाएगा




#### स्वच्छता के लिए हो सभी नागरिकों की भागीदारी : साव

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विगत दिनों अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के लिए राशि मंजूर करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने स्वच्छता को हर नागरिक के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संपूर्ण स्वच्छता के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### ध्वजारोहण के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के चौबे कॉलोनी स्थित मुख्यालय में गुरुवार को 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उपस्थितजनों द्वारा सहकारी गीत का गायन किया गया। देश की सर्वोच्च सहकारी संस्था, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के लिए मुख्य थीम 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका' रखी गई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक एनआरके चंद्रवंशी ने सहकारी सतरंगा ध्वज फहराया। इसी दौरान श्री चंद्रवंशी ने सहकारी सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आज के विषय 'सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने' पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कार्य कर ही हैं।
सहकारी सप्ताह के माध्यम से हम सहकार से समृद्धि को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकारी आंदोलन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पैक्स ही सशक्त माध्यम है, इसलिए भारत सरकार पैक्स को मजबूत करने तथा बहु-सेवा के रूप में काम करने के लिए पैक्स को सक्षम बनाने का प्रयास कर रही है। सहकारी सप्ताह का आयोजन सहकारी क्षेत्र के कमियों को दूर कर भावी योजनाओं को बनाने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर जिला संघ रायपुर की प्रबंधक मंजूषा तिवारी एवं राज्य संघ व जिला संघ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जोगी ने महतारी वंदन की राशि बढ़ाने किया आग्रह



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा, आधी आबादी, नारी शक्ति के लिए हमारे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड में लोकप्रिय योजना लाड़ली बहन, लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 1500 रुपए प्रदान किया जाता है।

### नवनियुक्त अधिकारियों को दी जानकारी

**रायपुर।** केंद्रीय भूजल बोर्ड के 26 नवनियुक्त वैज्ञानिक अधिकारियों के एक वर्षीय प्रवेश प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के चौथे बैच का उद्घाटन समारोह गुरुवार को राजीव गांधी भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस मौके पर आरजीएनजीडब्ल्यूटीआरआई के क्षेत्रीय निदेशक निधीश वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और आयोजन के बारे में बताया तथा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय भूजल बोर्ड और केंद्रीय जल प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. एसके अंबस्ट ने भी प्रशिक्षुओं को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

### 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली समीक्षा बैठक तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान

# आठ सांसद और एक दर्जन विधायक नहीं भेद सके सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ तीन दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी जहां 8 सांसद लक्ष्य से कोसों दूर हैं, वहीं करीब दर्जनभर विधायक भी लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। वैसे तो सदस्यता अभियान की डेड लाइन शुक्रवार को समाप्त हो रही है, लेकिन 22 नवंबर को दिल्ली में समीक्षा बैठक है। ऐसे में तब तक सदस्य बनाने का समय रहेगा। दिल्ली में फैसला होगा कि सदस्यता अभियान को कब समाप्त करना है।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। इस समय उनके खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।



### तीन सांसद ही बने 20 हजारी

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचे, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। इसके बाद महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी ने पहले दस हजार का आंकड़ा पार किया और फिर 20 हजार का अपना लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया। तीसरे सांसद सरगुजा के चिंतामणी महाराज हैं जिन्होंने अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। सदस्य बनाने के मामले में सरगुजा ही पहले नंबर पर है। यहां पर एक लाख 20 हजार बन गए हैं। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव भी सरगुजा के हैं। 8 सांसद तो 20 हजार क्या दस हजार सदस्य भी नहीं बना सके हैं।

### ये विधायक भी लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 35 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ भावना बोहरा के खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य है। अन्य विधायकों में रोहित साहू, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शकुंतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, राजेश अग्रवाल, ललित चंद्राकर, आसाराम नेताम, अमर अग्रवाल, उद्देशवरी पैकरा, दीपेश साहू, संपत अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिंहा, किरण देव सिंह, प्रणव कुमार, रायमुनी भगत, धर्मजीत सिंह, भैयालाल राजवाड़े ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# पहले दिन जिले में 6513.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का गुरुवार से आगाज हो गया। पहले दिन समितियों द्वारा किसानों से 6513.80 मिट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इन किसानों द्वारा टोकन लिया गया था।

धान खरीदी के पहले दिन खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने भी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखें। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस वर्ष जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 139275 है। पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 142043.88 रकबा हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। इनमें धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1975 है। बेचे गए धान का रकबा 1255.31 है। इस तरह पंजीकृत रकबे के विरुद्ध खरीदे गए धान की मात्रा 6513.80 टन है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिले में धान खरीदी अच्छे तरीके से हो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो, पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदी हो।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**रायपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों से मिलकर जानकारी ली। श्री वर्मा ने बताया कि आज से पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत हुई है। किसान अपना धान, धान खरीदी केंद्रों में ले जाकर बेच रहे हैं, शुरुआत में धान की आवक कम है। 70% छोटे किसानों का खरीद रहे हैं, जबकि 30% दीर्घ किसानों का खरीदने का आदेश है। कई खरीदी केंद्रों में छोटे किसानों का धान नहीं पहुंचा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान खरीदी का अनुपात बढ़ाना चाहिए। मूरा सहकारी समिति का निरीक्षण किया, किसानों एवं समिति प्रबंधक से जानकारी ली, धान तौलाई की भी जानकारी ली।बड़े किसानों ने जानकारी दी कि छोटे किसान का अभी धान आया नहीं है, बड़े किसानों का 30% लिया जा रहा है। समिति में प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में बड़े किसानों का धान तैयार है तो खरीदी के लिए आदेश करना चाहिए, ताकि खरीदी तय सीमा में की जा सके। निरीक्षण के दौरान सौरभ मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष, पाल पूर्व सरपंच, पप्पू नायक, राजू अली, दीपक साहू, भगवाली सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संजय बोले- पारदर्शिता लाने सरकार ने किया है शराब के लिए एप लांच



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने शराब के लिए आबकारी विभाग द्वारा 'मनपसंद' एप लॉन्च किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोशल मीडिया प्लेटपार्म पर आई टिप्पणी को कोरा प्रलाप बताते हुए कहा, शराब के कारोबार को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले बघेल को कम-से-कम अपने गिरेबां में तो झांक लेना था। शराब घोटाला और हजारों करोड़ रुपए के दीगर घोटाले करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को ऐसी टिप्पणियां करने पर शर्म महसूस करनी चाहिए।

### क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने किराना स्टोर्स को निशाना बनाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा नियामक उल्लंघनों को उजागर करने के लिए श्वेत पत्र जारी किया है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से कहा है प्रदेश के 1 लाख से अधिक किराना स्टोर्स का असमान बाजार प्रतिस्पर्धा के कारण व्यापार करना असंभव हो गया है। क्यूसी प्लेटफार्म से खुदरा व्यापारियों के लिए अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। कैट ने नई दिल्ली में एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसमें क्विक कॉमर्स (क्यूसी) प्लेटफॉर्म्स जैसे ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, जेप्टो, स्विगी के उन कार्यों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो भारत की खुदरा अर्थव्यवस्था की नींव को कमजोर कर रहे हैं, जहां प्रदेश सहित देश के 3 करोड़ किराना स्टोर्स का टिक पाना लगभग असंभव हो गया है।

### किसान की कृषि भूमि चारागाह में शामिल, बेच नहीं पा रहा धान कलेक्टर से शिकायत



**रायपुर।** खरोरा के ग्राम सिर्री निवासी एक किसान पिछले कई वर्षों से अपने खेत का धान उपार्जन केंद्र में बेच नहीं पा रहा है। किसान ने इसकी शिकायत दर्जनों बार कलेक्टोरेट में की है, लेकिन उसकी समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। किसान केसरी लाल सिन्हा ने बताया कि ग्राम सिर्री में उसकी 14 एकड़ 35 डिसमिल भूमि है, जिसका खसरा नंबर 242/1 है। इस भूमि पर वह पिछले 40 वर्षों से धान की खेती करता आ रहा है, लेकिन उसकी भूमि को चारागाह में शामिल कर दिया गया है। इसके कारण वह अपनी भूमि पर उत्पादन किए गए धान को समर्थन मूल्य पर बेच नहीं पा रहा है। किसान का कहना है कि अपनी भूमि का अभिलेख सुधारने के लिए उन्होंने कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालय में कई बार आवेदन किया है, लेकिन अब तक बंदोबस्त त्रुटि सुधारा नहीं गया है। किसान ने बताया कि 24 अक्टूबर को भी अपनी मांग को लेकर कलेक्टोरेट जनदर्शन में आवेदन दिया है, जिसे मार्क करके संबंधित एसडीएम को भेजा गया है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई निराकरण नहीं किया गया है।

# नान के गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा समय पर भंडारण-वितरण नहीं, इसलिए स्पेस की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के (नान) गोदामों में हजारों मीट्रिक टन चावल जाम पड़ा हुआ है। वहीं पिछले वर्ष के कस्टम मिलिंग का हजारों क्विंटल चावल अभी जमा नहीं हो पाया है। यह चावल चालू माह के अंत तक इन गोदामों में पहुंच जाएगा, जिसके बाद गोदामों में स्पेस की और कमी हो जाएगी। इधर जिले में गुरुवार से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी शुरू हो गई है। इस खरीदी के साथ उपार्जन केंद्रों से कस्टम मिलिंग वाले धान का उठाव भी शुरू कर देंगे। इस उठाव के बाद धान की छंटाई कर चावल को नान में जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में नान के गोदामों में स्पेस की कमी का असर धान खरीदी एवं धान उठाव पर भी पड़ सकता है। ये दोनों काम प्रभावित हुए, तो किसानों की समस्या भी बढ़ सकती है। धान खरीदी प्रभावित होने से किसान समय पर अपना धान बेच नहीं पाएंगे। धान की खरीदी शुरू हो गई है। ऐसे में नान के गोदामों में नया चावल रखने के लिए कितना स्पेस है, इसकी हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की।






#### 30 नवंबर तक करना है जमा

पिछले वर्ष का कस्टम मिलिंग का अब तक शत प्रतिशत चावल जमा नहीं हुआ है। करीब 6 प्रतिशत चावल अभी जमा होना शेष है। विभाग ने आखिरी मौका देते हुए 30 नवंबर तक अवधि बढ़ाई है। इसके बाद भी जमा नहीं किया गया, तो मिलरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेंगे।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

#### एफसीआई के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न पड़ा

*गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन (एफसीआई) के गोदामों में भी 2 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक पड़ा हुआ है। यहां की शाखा प्रबंधक कमली मिश्रा ने बताया कि यहां भी अलग-अलग साइज के 9 गोदाम हैं, जिनकी भंडारण की क्षमता 13572 मीट्रिक टन है। इन गोदामों में एक गोदाम में दवाइयां रखी हुई हैं, वहीं शेष 8 गोदामों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 3 सौ मीट्रिक टन खाद्यान्न का स्टॉक गोदामों में है। डिमांड आने पर खाद्यान्न की डिलीवरी की जाती है। नई धान खरीदी के कस्टम मिलिंग का चावल दिसंबर की पहली तारीख से आना शुरू होगा, तब तक गोदामों में पर्याप्त स्पेस हो जाएगा। उन्होंने बताया कि एफसीआई का अन्य जगहों पर भी गोदाम है। सबसे बड़ा मंदिर हसौद में है, जहां 40368 मीट्रिक टन खाद्यान्न रखने की क्षमता है। इस तरह किसी भी तरह स्पेस की कमी नहीं होगी।*

### अपर आयुक्त कक्ष में बनाया गया था कंट्रोल सेंटर, मुख्यालय से होती रही मानिटरिंग

# सफाई वाहनों का जीपीएस सिस्टम ध्वस्त, निगरानी फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के सफाई वाहनों की निगरानी का सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया है। 100 सफाई वाहनों में गाड़ियों का लोकेशन ट्रेस करने आनलाइन मानिटरिंग के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने नगर निगम ने बीएसएनएल कंपनी के साथ 2 साल के लिए अनुबंध किया, जिसमें 2 लाख रुपए में 2 साल के लिए संबंधित एजेंसी को इस कार्य का ठेका दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाकायदा सफाई वाहनों की ट्रेकिंग भी होती रही, पर अनुबंध अवधि समाप्त होते ही यह काम ठप पड़ा है।

नगर निगम के सफाई महकमे की गाड़ियों में लगाया गया जीपीएस सिस्टम किसी काम का नहीं रहा। निगम मुख्यालय में सफाई गाड़ियों की 24 घंटे निगरानी करने निगम मुख्यालय के अपर आयुक्त कक्ष में कंट्रोलरूम बनाया गया। बड़े आकार की एलसीडी स्कीन में गाड़ियों की आवाजाही पर नजर रखने निगम के इंजीनियर की डयूटी लगाई गई। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी को कंट्रोलरूम का इंचार्ज बनाकर सफाई वाहनों के हर पल की गतिविधि पर नजर रखने का सिस्टम तैयार किया गया। नगर निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में निगम स्वास्थ्य अधिकारी को कंट्रोलरूम से इसकी रिपोर्ट देने की व्यवस्था रही। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा लेकर जाने वाले सफाई वाहन का अपडेट रिकार्ड नियमित रूप से दर्ज होता रहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत यह काम 2 साल तक सुचारू रूप से चला, पर अधिकारियों की उदासीनता के कारण निगरानी का सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया है।



#### रामकी की गाड़ियों में लगा है जीपीएस सिस्टम

एक तरफ जहां नगर निगम के सफाई वाहनों में जीपीएस सिस्टम ध्वस्त पड़ा है, वहीं शहर की सफाई का ठेका लेने वाली एजेंसी रामकी की गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, जिसे क्लीन सिटी एप से देखा जा सकता है।

#### स्वच्छता सर्वेक्षण में जुड़ते नंबर

जीपीएस सिस्टम लगाकर सफाई वाहनों की आनलाइन मानिटरिंग व्यवस्था होने पर केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में अलग से नंबर जुड़ते, पर अब ऐसा नहीं है। अपर आयुक्त के जिस कक्ष को सफाई वाहनों की मानिटरिंग का कंट्रोलरूम बनाया गया, वहां से प्रोजेक्टर नदारद है। कंट्रोलरूम की जगह इसे अपर आयुक्त का कक्ष बना दिया गया है। ऐसे में नगर निगम की सफाई गाड़ी की न आनलाइन निगरानी हो रही और ना ही प्रत्यक्ष तौर पर देखरेख की व्यवस्था है।

# नगरीय निकायों में अटल परिसर बनाने जल्द मंगाए गए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों जैसे नगर निगम, पालिका और पंचायतों में अटल परिसर बनाए जाने हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों और सभी सीएमओ को जारी आदेश में कहा है कि अटल परिसर बनाने के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजें। यह काम तेजी से हो सके, इसलिए पूर्व में जारी निर्देशों की एक कंडिका हटाई गई है। अटल परिसर निर्माण के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है कि अधोसंरचना मद के अंतर्गत प्रावधिक स्वीकृति कंडिका क्रमांक 1 से 10 की शर्तों के अधीन प्रदाय किया गया है। अब कंडिका 10 को विलोपित कर दिया गया है। शेष कंडिका 1 से 9 तक की शर्तों के यथावत रखते हुए विधिवत प्रस्ताव संचालनालय को जल्द से जल्द भेजने कहा गया है।

#### कंडिका 10 में शामिल थी ये शर्त

संचालनालय ने जब अधोसंरचना मद के अंतर्गत प्राविधिक स्वीकृति जारी की थी तब कंडिका 10 में कहा गया था कि इस कार्य के लिए प्राविधिक स्वीकृति अनुमानित लागत है, इन कार्यों का शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के मुताबिक विधिवत पूर्ण प्रस्ताव संचालनालय को भेजे, अंतिम स्वीकृति आदेश जारी होने के बाद ही निविदा की कार्यवाही की जाए। उल्लेखनीय है कि नगर निगमों को इस निर्माण के लिए 50 लाख, पालिका को 30 लाख, नगर पंचायत को 20 लाख रुपयों की स्वीकृति दी गई थी।

**खबर संक्षेप**



## बंगोली स्कूल में मनाया बालदिवस

**बंगोली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में गुरूवार को बाल दिवस मनाया गया। जिसमे बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरु को याद किया। साथ ही शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बंगोली का तृतीय बैठक रखा गया। जिसमें निर्धारित ऐजेण्डा पर विस्तार से चर्चा किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं सरपंच झूकू बांधे, उपाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा, डोमन नायक, डोमार धुरंधर, सदस्य गण द्रोण हनुमन्ता एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका व प्राचार्य विजय कुमार ध्रुव, तोकसिंह वर्मा उपस्थित थे।

## गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ

**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ खल्लारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान द्वारा संपन्न हुआ। श्री दीवान ने समस्त किसानों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामखिलावन साहू, किसान मोर्चा जिला मंत्री रुपेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर, दाऊ टीकाराम चंद्राकर, सोसायटी प्रभारी पारस साहू, नीलकंठ साहू, गणेश तिवारी, समिति के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## जिपं सदस्य अलका ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिर्री पठारीमुड़ा में धान खरीदी का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय मलवे, शंकर तांडी, हेमंत तिवारी, भोजनाथ देवांगन, नरेंद्र बग्गा, सत्तू तांडी पूनम चंद्राकर, नंदू सोनी नारायण, तांडी योगेश चिंदा, दीपक साहू, किशन भारद्वाज, दादा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### जयंती : लाल बहादुर स्कूल में बाल दिवस पर विविध आयोजन

# बच्चे बने चाचा नेहरू, छग महतारी, डाक्टर व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड भाटापारा में संयुक्त रूप से 14 नवंबर को बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल नारायण यदु सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस स्पर्धा भी हुई। बच्चे चाचा नेहरू, छत्तीसगढ़ महतारी, डॉक्टर, शिक्षक ,सरस्वती माता आदि विभिन्न वेशभूषाओं में सबका मन मोह लिए । शाला के प्रधानपाठक शत्रुहन कुमार डहरिया द्वारा बाल दिवस पर सार्थक विचार प्रस्तुत किए गए । मुख्य अतिथि ने अपनी ओर से सभी छात्रों को टाई बेल्ट वितरण किया। समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद स्कूल की प्रधान पाठक राजकुमारी साहू,ऋतु प्रिया निहाला, सविता सोनकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की शिक्षिका नेहा साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## खैरा स्कूल में बाल दिवस पर नेहरू के कार्यों को याद किया

**पलारी।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरा रोहांसी में बाल दिवस इस अवसर पर स्व. नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा राष्ट्र की तरक्की में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। प्रधान पाठक, शिक्षक एवं ग्रामीण माताओं ने बच्चों को पेन, पेंसिल, उपहार प्रदान चॉकलेट सेवई पूड़ी खिला कर बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक पुरुषोत्तम लाल यादव ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से अत्यधिक प्रेम था और वे चाहते थे कि सभी बच्चे बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और एक उज्जवल भविष्य प्राप्त करें, उनके प्रति बच्चों के इस प्रेम और उनके बच्चों के प्रति इस गहरे स्नेह के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर सत्या ध्रुरव, नंदनी ध्रुव, हेमलता ध्रुव, मिलापा उपस्थित थे।




## पीएमश्री स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**कसडोल।** विकासखंड के अंतिम छोर में बसे गांव भानपुर के डोंगरीपारा में संचालित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं आंगनबाड़ी केंद्र में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर व राज्यगीत के साथ शुरू हुआ। वही देश के पूर्व व प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यर्पण किया गया। प्रधान पाठक हीरालाल साहू ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म सन 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा भी वही हुआ। उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चले गए । वापस आकर देश की आजादी में विशेष योगदान दिया। पंडित जवाहर लाल नेहरू नन्हे मुन्ने बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। व उनकी खुशियो के लिए वशिक्षा स्वास्थ्य के लिये देश के अग्रिम भविष्य राष्ट्र निर्माता मानते थे ।उन्होंने अपने जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया तब से आज तक 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनाते आ रहे है। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर पहली से आठवीं व आंगनवाड़ी के बच्चों ने केक काटकर उनका जनदिन बड़े धूमधाम से मनाया। साथ मे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। ललित कुमार साहू सहायक शिक्षक सतरूपा यादव, बद्री नाथ बारीक, शिक्षक, विनोद नायक शिक्षक, विमला, कार्यकर्ता, मीरा विश्वकर्मा, सहायिका, शैल कुमार साहू, सन्तोषी विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहें।



## बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस मेहेंदी, चित्रकला स्पर्धा हुई

**गिधौरी।** उच्य माध्ययमिक विद्यालय नरधा में गुरुवार को बड़ी धूमधाम से बाल दिवस एवं बाल मेला मनाया गया। इसमे समस्त स्टॉफ के द्वारा सभी छात्र -छात्राओं को तिलक लगाकर एवं भेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस, मेहेंदी, चित्रकला, रंगोली, मॉडल, का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती गुंजा नवरत्न जनपद पंचायत सदस्य , विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय समिति के अध्यक्ष एस. एल नवरत्न, यशवंत महिलांगे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## बाल दिवस पर बच्चों को बांटे बैग

**पलारी।** गुरूवार को पलारी स्थित हैलो किड्स स्कूल मे बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने मनोरंजक और प्रेरक कहानीया सुनाई। जिससे सभी शिक्षक प्रभावित हुए और सराहना की। संचालक भाग्यश्री चंदन साहू ने सभी बच्चों निशुल्क बैग वितरण कर बच्चों को चिल्ड्रन डे की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।



## हिरमी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस




**हिरमी-रावन।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिरमी में अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग हिरमी द्वारा बाल दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में नेहरू जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, प्रेरणाप्रद कविता वाचन व प्रश्नोत्तरी का आकर्षक प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिरमी से मोती लाल ध्रुव, उमेश वर्मा, चिटरेखा, मैडम पैकरा, ग्रामीण विकास विभाग से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे, मनोज वर्मा, प्रीतम पटेल, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, तारनी राजपूत, सविता वर्मा, हेमलाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

## स्वयं सेवकों ने नेहरू की 135वां जयंती मनाई

**बगबुडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख) पलारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वां जयंती बड़े धूमधाम से स्कूल परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर जवाहर लाल नेहरू कि जीवनी पर प्रकाश डाला जन्म से लेकर मृत्यु तक के बारे में स्वयंम सेवकों को विस्तार से जानकारी दी। स्वयंम सेवक पुष्पा धृतलहरे, भुनेश्वरी निषाद, अंजु मिरी, मंजु कैवतने नेहरू कि जयंती पर भाषण कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।



## बच्चों को नेहरू के जीवनी पर प्रकाशित किताबों दी जानकारी



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में सरस्वती मां को की पूजा अर्चना के साथ बालदिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाशित किताबों, कविताओं और लेखों के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था इसलिए अपने जन्मदिन को बालदिवस के रूप में बच्चों को समर्पित कर दिया। इस कार्यक्रम में पंडित नेहरू पर बच्चों द्वारा कविताऐं पढ़ी गई।

# कुर्मी समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को छत्तीसगढ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं उनके कार्यकाणीय के सदस्यों का केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने अर्जुनी मे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, महामंत्री के रूप मे यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, केन्द्रीय युवा अध्यक्ष चन्दकांत वर्मा, केन्द्रीय मिडिया प्रभारी चंदशेखर वर्मा पलारी को शपथ दिलाई गई। चुनाव प्रभारी गणेश राम वर्मा, विधि विधायी जयप्रसाद, विवाह प्रभारी चंदकुमार, कृषि प्रकोष्ठ मे शालिकराम वर्मा, साहित्य प्रभारी परदेशी राम वर्मा को मनोनित किया गया।

कार्यकाणीय के रुप मे राधेश्याम वर्मा ,अरुण वर्मा, अलख राम वर्मा, ओमप्रकाश चंदवंशी, कोपराम वर्मा, करण वर्मा ,उदय राम वर्मा, अनिल वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र धुरंधर, चिंताराम वर्मा, केशरी वर्मा, राधेश्याम वर्मा, बुधराम वर्मा, पंचराम वर्मा को मनोनीत किया गया। रामनारायण वर्मा सहित दशो राज के सामाजिक गण उपस्थित थे।

# आनंद मेले में महकी विभिन्न व्यंजनों की खुशबू



**बंगोली।** बाल दिवस पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कुर्रा के संयुक्त तत्वाधान में बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन अपने अपने घरों से बनाकर लाए और स्टाल लगाकर ठेठरी, खुर्मी, कुशली, चीला, चौसेला, भजिया, समोसा, नड्डा, बड़ा, चना चर्पटी, मिर्ची भजिया, ढोकला, मोमोस, पकौड़ा, भेल, गुपचुप, अमरुद, फल्ली स्वादिष्ट व्यंजन बेचे। आनंद मेले में समस्त ग्रामवासी कुर्रा उपस्थित होकर विभिन्न व्यंजनों को खरीदकर खाने का आनंद उठाए।

## मोहरेंगा स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**खरोरा।** शासकीय नवीन शाला मोहरेंगा संकुल केंद्र मोहरेंगा में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के जन्म दिन बाल दिवस के रूप मे मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियो के द्वारा चाचा नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प माला के साथ बच्चों के लिए उनके द्वारा किये गए कार्यों और उनके जीवन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चॉकलेट एवं पेन वितरण किया गया।




Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

## पेज 9 के शेष

### गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर ...

जिसमें शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण डॉ.ए.आर.सी. जेम्स, प्राचार्य एवं नोडल महाविद्यालय शासकीय डी.के. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा किया गया।

### बिरसा मुण्डा ने...

जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अदिति बाघमार, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा,उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुववंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सर्वर डाउन से...

कूलर, शौचालय आदि की समस्या बताकर दूर करने की मांग किया। सुहेला किसान घनश्याम नायक ने बताया सुबह 6बजे से बैठा हुं शाम हो गया है। सर्वर डाउन है कम नहीं हो रहा है साहेब लोग कह रहे है सर्वर डाउन है हम क्या करे रात 9 से 10 बजे तक होगा कह रहे है आज ही होगा दुसरे दिन नहीं होगा कह रहे है शासन से मांग है समस्या का निराकरण अतिशीघ्र करें।

### कीर्तन मंडली ने ...

माध्यम से कीर्तन मंडली के साथ गली भ्रमण कर प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्री रामचंद्र के छायाचित्र का जगह-जगह एवं गुलाल से स्वागत किया। कीर्तन मंडली द्वारा जगह-जगह चौक-चौराहों पर खीर, पुड़ी, हलवा बनाकर प्रसादी वितरण किया गया। इस धार्मिक यात्रा में कीर्तन मंडली के सदस्य बलीराम साहू, संतोष साहू, चरण निषाद, केशव ध्रुव, खेलन साहू, उत्तम साहू, फत्तेराम साहू हिच्छाराम साहू, किशन ध्रुव, हुसैन साहू, ओंकार प्रसाद साहू, फिरंता ध्रुव, चंदन ध्रुव, देवनाथ साहू सहित छोटे-छोटे बच्चे सहित माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मवेशियों को सड़क ...

तथा सड़क मार्ग में बैठे रहते हैं। ऐसी स्थिति में अपने मवेशियों को सड़क मार्ग में लावारिस छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों के ऊपर कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उपरोक्त कारणों को ध्यान में रखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपने मवेशियों को सड़क मार्ग में छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया है। जिसके तहत 35 प्रकरण में 37 मवेशी मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई के क्रम में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 16 प्रकरण में 16 व्यक्ति, कसडोल 4 प्रकरण 4 व्यक्ति, थाना भाटापारा ग्रामीण 4 प्रकरण 4 व्यक्ति, भाटापारा शहर 1 प्रकरण 3 व्यक्ति एवं थाना सिमगा में 10 प्रकरण में 10 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

### नगर पालिका द्वार...

जानकारी दी गयी। शिविर निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, विजय केशरवानी, आलोक अग्रवाल, पार्षद रोहित साहू, अमितेष नेताम, राहुल सोनी, कृष्णा अवस्थी, टेसूलाल धुरंघर, अशोक जैन सहित नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उपअभियंता विनोद यादव, योजना प्रभारी मुकेश लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शुभम सूबेदार के लिए किए गए चयनित



**गिरसा नाला।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग प्लाटून कमांडर भर्ती 2021 चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ग्राम धोबनीडीह के शुभम बर्मन का चयन हुआ है। शुभम के पिता उदेराम बर्मन बाहर कमाने के लिए जाते थे और मजदूरी किया करते थे। इस सफलता पर वे अपने परिवार माता पिता के आशीर्वाद के अलावा विशेष मार्गदर्शन अपने चाचा उज्जवल बर्मन को श्रेय दिया। और उन्होंने सेल्फ स्टडी करके इस सफलता को प्राप्त किया। पूरे अंचल को गौरवान्वित किया और उनके परिवार में खुशी का माहोल छाया हुआ है। शुभम के चयन होने पर गीता बर्मन, राजीव कुमार बर्मन, सोनवानी सरपंच, गिरजा शंकर साहू पूर्व सरपंच, संजय कर्ष, प्रमोद साहू आदि लोगो ने बधाई दी है।

## शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने वार्ड 11 बाजारपारा में एक व्यक्ति के खिलाफ पान ठेला में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 11 बाजार पारा तेंदूलोथा जाने की कच्ची रोड किनारे आरोपी सुरेंद्र बघेल अपने पान ठेला बागबाहरा में लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शराब पीने वाले वहां से भाग निकले। वहीं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे आरोपी सुरेंद्र बघेल पिता लालू बघेल (20 वर्ष) के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**निधन**

## राजकुमार पटेल



**गिधौरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी निवासी राजकुमार पटेल का गुरूवार निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ग्राम के कुम्हारी रोड मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### धान खरीदी : इस बार ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई

# अन्नदाता किसान छत्तीसगढ़ की आत्मा है उनकी मेहनत का पूरा दाम व सम्मान मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

प्रदेश में 14 नवम्बर से धान खरीदी की शुरूआत हो चुका है। इसी तारतम्य में गुरुवार को धान उपार्जन केन्द्र कसडोल (मोहतरा) में सहकारी समिति मर्यादित कसडोल में मुख्य अतिथि नंदकुमार धीवर व गणेश शंकर साहू जिला कोषाध्यक्ष भाजयुमो के आतिथ्य में विधिवत पूजा अर्चना करके धान खरीदी का उद्घाटन किया गया। अन्नदाता किसान हमारे छत्तीसगढ़ की आत्मा हैं, उनकी मेहनत को पूरा दाम और सम्मान मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार तत्पर है। हमारी सरकार किसानों से उनके पूरी उपज को खरीदने, खरीदी में पूरी पारदर्शिता बरतने और तय समयसीमा में भुगतान करने पर विशेष ध्यान दे रही है। बता दें कि इस बार 100% ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उक्त कार्यक्रम में नन्द कुमार धीवर, गणेश शंकर साहू जिला कोषाध्यक्ष भाजयुमो, रविकांत बंजारे, धनंजय साहू, डीके भारद्वाज सहकारिता विस्तार अधिकारी, बी.एल.साहू ब्रांच मैनेजर, आर के शर्मा सुपरवाइजर, विवेक पटेल तहसीलदार कसडोल, ऋषिकेश मिश्रा पटवारी, समिति के कर्मचारीगण और किसान उपस्थित रहे।





## दामाखेड़ा केंद्र में धान खरीदी शुरु

**सिमगा।** प्राथमिक कृषि साख समिति दामाखेड़ा केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ किसान नेता अनिल पांडे जिला महामंत्री किसान मोर्चा हेम सिंह चौहान प्रहलाद मिश्रा ज्ञानानंद साहू के द्वारा किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए अनिल पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह पूरा करती है। हमने कहा था की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही उस दिन दो साल का बकाया बोनस किसानों को देंगे और 25 दिसंबर को हमने दो साल का बकाया बोनस किसानों को दिया। प्रदेश में विष्णु देव और देश में नरेंद्र मोदी मिलकर डबल इंजन की सरकार चला रहे हैं 1 साल की उपलब्धि ही इस बात को बताती है कि प्रदेश में महतारी वंदन की योजना के माध्यम से हमारी माता बहनें आज 1000 पर प्रति माह प्राप्त कर रही है किसानों को



3100 मिल रहा है। पांडे ने उपस्थित सभी किसानों को धान खरीदी प्रारंभ होने पर बहुत–बहुत बधाई दी । इस दौरान कृषक हीरा साहू, दामोदर देवांगन, जीवन साहू, श्यामलाल साहू, ओमप्रकाश, दिलीप साहू, लखन अग्रवाल, राकेश मिश्रा, शरण साहू, तेजपाल, धर्मेंद्र शर्मा, गौकरण, नारायण पाल, जीवन साहू, शरण साहू आदि उपस्थित थे।

## कठिया सोसाइटी में धान खरीदी शुरु



**खरोरा।** गुरूवार को तिल्दा ब्लॉक के कठिया पंजीयन क्रमांक 414 में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। समिति संचालक घनश्याम साहू ने बताया कि धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाने, तिरपाल,किसानों के बैठने के लिए छायादार जगह एवं शुद्ध पेयजल आदि मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था की गई है। किसानों के धान की तौल पूरा होते ही भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है ताकि किसानों के खाते में शीघ्र अति शीघ्र पैसा आ जाए। गुरूवार को धान बेचने आए किसानों में कृषक सेतराम वर्मा, धीरेंद्र कुमार वर्मा,भगत राम निषाद, बलराम वर्मा शामिल है।

## उपार्जन केंद्र खट्टी में पहले की पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खट्टी में गुरुवार को भारत माता के छायाचित्र और तौल बट की पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, रमेंश साहू, हुलास गिरी गोस्वामी, रेखराज साहू, सरपंच दूजराम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## गिर्रा सोसायटी में सभापति ने की धान खरीदी का शुभारंभ



**पलारी।** गिर्रा सोसायटी में सहकारिता विभाग की सभापति हेमा रोहित साहू द्वारा धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभापति ने कहा कि वे खुद किसान परिवार से होने के नाते इस बात को भली–भांति समझ सकती हैं कि किसान कठिन मेहनत करके एक–एक दाना धान की पैदावार करते हैं। इसलिए समितियों को चाहिए कि किसानों के सुविधा व उसके हित को ध्यान रखकर खरीदी करें। अन्नदाता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जायेगा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कोदवा संजय कुमार वर्मा, समिति प्रबंधक कपिल देव वर्मा, समिति कर्मचारी डोमार साहू, रामकुमार,हरिजन डहरिया,आसाराम वर्मा, केशव वर्मा, मेवा फेकर, सभापति प्रतिनिधि रोहित साहू और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सिमगा में तराजू की पूजा कर किसानों से धान खरीदी की गई

**सिमगा।** धान खरीदी केन्द्र सिमगा में तराजू बाट की पूजा कर किसानों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल के महामंत्री छोटू यादव ने कहा कि किसानों को यदि धान खरीदी में कोई समस्या होती है तो उसके निदान के लिए हम सभी कार्यकर्ता सरकार के साथ सेवा के लिए तत्पर हैं। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार एवं प्रदेश की विष्णु सरकार ने किसानो के धान खरीदी हेत अपने वादे के अनुसार सरकार की व्यवस्था पूर्ण है। कार्यक्रम में सचिन जैन, नीरज शर्मा, माया सलुजा, सूर्यकांत ताम्रकार, परस पाटकर, राजेश सिंह, के साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैक सिमगा के शाखा प्रबंधक जेआर लहरी एवं आरएन साहू उपस्थित थे।



# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में संशोधन करने हुए त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 14 नवम्बर से प्राप्त की जाएगी। दावा–आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बुधवार 20 नवम्बर अपरान्ह 3 बजे तक,प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर तक, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 4 दिसम्बर तक सॉफ्टवेयर में किया जायेगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण के लिए 6 दिसम्बर तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर को किया जाएगा।

## नपा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करने हुए नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 13 नवम्बर 2024 से प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक, प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 5 दिसम्बर तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण के लिए 7 दिसम्बर तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर को किया जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

# रामनारायण महर्षि वाल्मिकि ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के द्वारा अवार्ड-2024 का राज्य अलंकरण समारोह गत दिवस धमतरी में महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। जहां प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन भी आयोजित हुआ। राज्य अलंकरण समारोह में शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, ग्रामोत्थान, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, खेल, स्वास्थ्य, चिकित्सा व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को अवार्ड 2024 के राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया।

इस राज्य अलंकरण अवॉर्ड समारोह में पलारी ब्लॉक के ग्राम कुकदा निवासी रामनारायण वर्मा को उल्लेखनीय योगदान के लिए महर्षि बाल्मिकि ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।




वर्मा को महर्षि बाल्मिकि ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित होने पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ,सर्व कुर्मी समाज के महासचिव सरिता उमेश बघेल, राजप्रधान पलारी राज रामखेलावन वर्मा, हिंदू जागरण मंच के जिला प्रमुख थानेश्वर वर्मा , राजेश बल्लू वर्मा, बिसौहा वर्मा, कृपाराम वर्मा,पत्रकार संघ पलारी तथा सामाजिक एवं साहित्यकारों के अलावा मित्रगणों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# नप अध्यक्ष ने आंबा कार्यकर्ता सहायिका को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शुक्रवार को नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर पंचायत पलारी क्षेत्रंतर्गत संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सभाकक्ष में श्री फल, साड़ी भेटकर सम्मान किया। इस मौके पर उन्होनें कहा कि आप अपनी निस्वार्थ मेहनत से नगर में सेवा दे रहे है। जन्म से लेकर स्वास्थ्य, खान पान, शिक्षा, जैसे सारी बातों को विशेष ध्यान देकर अपनी सेवा दे रहे है, जिसके लिए मैं आप सभी को सादर धन्यवाद् करता हूं। जिस पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने भी अध्यक्ष का आभार जताया कि हम प्रशन्न है कि इस तरह का सम्मान




हमें संयुक्त रूप से पहली बार किया गया है। इस अवसर पर पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भुषण यादव, सुपरवाइजर लक्ष्मी ढीढी महेन्द्र वर्मा ,कार्यकर्ता गायत्री सेन, सकीना बेगम, प्रभावती कोशले, विजय लक्ष्मी देवांगन अनीता बघेल, बुगाला घृतलहरें, मिथिला साहू, हेमलता वर्मा, मंजू लता वर्मा, कृष्णा वर्मा, मंजू मिश्र, सरिता वर्मा, मिथलेश वर्मा उपस्थित थे।







